बाल मुकुन्द सिंगल के खिलाफ थाना सब्जी मंडी, दिल्ली में भा०द०स० की धारा 420 के अन्तर्गत एक मामला दर्ज किया है और उसे गिरफ्तार किया गया है। मामले को न्यायालय में दायर कर दिया गया है।

3. थाना नन्द नगरी, दिल्ली में धारा 420/120-ख के अन्तर्गत दिनांक 9.3.94 को दर्ज प्रथम सूचना रिपोर्ट सं० 102।

सूरज भान और कृष्ण कान्त के खिलाफ थाना नन्द नगरी, दिल्ली में भा०द०स० की धारा 420/120-ख के अन्तर्गत एक मामला दर्ज किया गया और उन्हें गिरफ्तार किया गया। मामले को न्यायालय में दायर कर दिया गया है।

4. थाना विनय नगर, दिल्ली में भा०द०स० की धारा 420 के अन्तर्गत 12.3.94 को दर्ज प्रथम सूचना रिपोर्ट सं० 104।

शिवराज गुप्ता के खिलाफ थाना विनय नगर, दिल्ली में भा०द०स० की धारा 420 के अन्तर्गत एक मामला दर्ज किया गया और उसे गिरफ्तार किया गया है।

5. थाना डिफेंस कालोनी, दिल्ली में भा०द०स० की धारा 420/467/468/471/120-ख के अन्तर्गत 15.6.94 को दर्ज प्रथम सूचना रिपोर्ट सं० 271।

राज कुमार और अन्यों के खिलाफ थाना डिफेंस कालोनी में भा०द०स० की धारा 420/467/468/471/120-ख के अन्तर्गत एक मामला दर्ज किया गया और तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

6. थाना पश्चिम विहार, दिल्ली में भा०द०स० की धारा 420/448/506 के अन्तर्गत दिनांक 11.4.1994 को दर्ज प्रथम सूचना रिपोर्ट सं० 173।

चिरंजी लाल के खिलाफ थाना पश्चिम विहार ने भा०द०स० की धारा 420/448/506 के अन्तर्गत एक मामला दर्ज किया गया और उसे गिरफ्तार किया गया।

7. थाना बदरपुर, दिल्ली में भा०द०स० की धारा 420/468/471 के अन्तर्गत 6.3.94 को दर्ज प्रथम सूचना रिपोर्ट सं० 84।

थाना बदरपुर, दिल्ली में भा०द०स० की धारा 420/468/471 के अन्तर्गत एक मामला दर्ज किया गया। इस मामले में किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

दिल्ली में बोगस एजेंसियां

2947. **श्री ईश दत्त यादव:** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दिल्ली तथा अन्य बड़े शहरों में बोगस एजेंसियां स्थापित करके विदेशों में नौकरी दिलाने के नाम पर नागरिकों से करोड़ों रुपये लूटे जा रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान ऐसे कितने मामले सरकार की जानकारी में लाए गए हैं; और

(ग) दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०एम० सईद): (क) से (ग) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, वर्ष 1991, 1992, 1993, और 1994 (31.7.94 तक) के दौरान दिल्ली में दर्ज किए गए ऐसे मामलों की संख्या तथा दोषी व्यक्तियों के खिलाफ की गई कार्रवाई, संलग्न विवरण में दी गई है।

विवरण

वर्ष	सूचित हुए मामलों की संख्या	गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की संख्या	उन व्यक्तियों की संख्या जिनके खिलाफ न्यायालय में मामले दायर किए गए हैं	दोष सिद्ध हुए व्यक्तियों की संख्या	दोष मुक्त हुए व्यक्तियों की संख्या जिनके खिलाफ मामले विचारण के लिए लम्बित है	उन व्यक्तियों की संख्या जिनके खिलाफ मामले जांच-पड़ताल हेतु लंबित हैं	रिहा किए गए व्यक्तियों की संख्या
1991	16	18	18	—	2	16	—
1992	10	14	13	—	—	13	1 (3 व्यक्तियों को घोषित अपराधी करार दिया गया है।)
1993	33	52	47	1	—	46	5
1994 (31.7.94 तक)	7	11	5	—	—	5	6